# डेली संवाद

संपादक - अशोक सिंह भारत | जालंधर, 05 जुन, 2020 dailysamvad.com Email: dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### डीसीपी सुडरविजी ने वेरका प्लांट के पास मारा छारा, जालंधर में हाईप्रोफाइल अड्डे का पर्दाफाश




**डेली संवाद, जालंधर**
जालंधर पुलिस ने शुक्रवार को छापामार कर जुआ खेल रहे 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि ये जुआरी अमृतसर और जालंधर के हैं। पुलिस को यहां से लाइसेंसी पिस्तौल और 15 लाख से ज्यादा की राशि बरामद हुई है। डीसीपी सुडरविजी और उनकी टीम ने वेरका मिल्क प्लांट के पास छापा मारा है। पुलिस ने यहां चल रहे हाईप्रोफाइल डुए अड्डे का पर्दाफाश किया है। पुलिस को यहां से 15 लाख रुपए कैश और पिस्तौल बरामद किया गया।

### कोरोना की चपेट में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम, कराची के मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती



**नई दिल्ली ।** मुंबई हमले का मास्टमांइड और अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इस घटना के बाद दाऊद के गार्ड्स और दूसरे स्टॉफ को क्वारंटाइन कर दिया गया है। दाऊद की पत्नी महजबीन को भी कोरोना संक्रमित पाया गया है। उसे और उसकी पत्नी को कराची के एक मिलिट्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि पाकिस्तान के कराची में लगातार कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तान की ओर से इस बात को बार-बार नकारा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो यह खबर पूरी तरह सही है और दाऊद और उसकी पत्नी को इलाज के लिए मिलिट्री हॉस्पिटल ले जाया गया है।

### कोरोना संकट के बीच केंद्र का बड़ा फैसला, मार्च 2021 तक शुरू नहीं होगी कोई नई स्कीम



**नई दिल्ली।** कोरोना की लड़ाई में आर्थिक संकट से जूझ रहे वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए किसी नई योजना की शुरुआत पर रोक लगा दी है। ये रोक उन योजनाओं पर हैं जो स्वीकृत या मूल्यांकन श्रेणी में हैं। यह आदेश उन योजनाओं पर भी लागू होगा जिनके लिए वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने सैद्धांतिक अनुमोदन दे दें या है।दरअसल कोरोना संकट और लॉकडाउन की वजह से देश की इकोनॉमी पस्े त नजर आ रही है। इस वजह से राजस्व का नुकसान तो हुआ ही है, सरकार का खर्च भी बढ़ा है। इस हालात का असर सरकार की नई योजनाओं पर पड़ने लगा है।इसी के चलते केंद्र सरकार ने नई योजनाओं की शुरुआत पर रोक लगा दी है। वित्त मंत्रालय ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा अगले 9 महीनों या मार्च 2021 तक स्वीकृत नई योजनाओं की शुरुआत को रोक दिया है

## पंजाब सरकार की बड़ी तैयारी, निकम्मे और भ्रष्ट कर्मचारी किए जाएंगे जबरन रिटायर

**डेला संवाद, चंडीगढ़**
पंजाब सरकार ने अलग-अलग विभागों में काम कर रहे निकम्मे, लापरवाह और भ्रष्ट कर्मचारियों की पहचान करने के आदेश दिए हैं. सरकार ने विभाग के प्रमुखों को आदेश दिए हैं वो ऐसे कर्मचारियों की सूची तैयार करें. माना जा रहा है कि इन कर्मचारियों पर आने वाले दिनों में सख्त कार्रवाई हो सकती है। पंजाब सरकार के जल संसाधन विभाग की चिट्ठी के मुताबिक ऐसे कर्मचारी जिनके कार्यकाल को 15, 20, 25 और 30 साल पूरे हो चुके हैं, जिनकी परफॉर्मेंस पूरी तरह से निचले स्तर की रही है, और जो अपनी कार्यशैली में निकम्मे और लापरवाह पाए



गए हैं और जिनके ऊपर इंक्वायरी के बाद ये बातें सत्यापित भी हो चुकी हैं. ऐसे कर्मचारी जिनके ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं, उनको उनकी सेवाओं से रिटायर कर दिया जाएगा। 6000 भ्रष्ट और लापरवाह पुलिस

पंजाब पुलिस के भी करीब 6000 भ्रष्ट और लापरवाह कर्मचारियों की एक लिस्ट तैयार की जा रही है. फिलहाल पंजाब सरकार के जल संसाधन विभाग और पंजाब पुलिस के विभागाध्यक्षों से इस तरह की डिटेल मांगी गई है. माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में पंजाब सरकार के तमाम विभागों पर ये निर्देश लागू किए जा सकते हैं। पंजाब सरकार के प्रवक्ता राजकुमार वेरका ने कहा कि पंजाब सरकार की करप्शन और ड्यूटी में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति है.

# देश में कोरोना के 226770 केस, अब तक 6348 मौतें

**डेली संवाद, नयी दिल्ली।**
देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक के सबसे ज्यादा नए 9,851 मामले सामने आए हैं और 273 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही देश में कुल संक्रमितों की संख्या 2,26,770 और मृतकों की संख्या बढ़कर 6,348 हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में 1,10,960 संक्रमित मरीजों का उपचार चल रहा है और 1,09,461 लोग स्वस्थ हो चुके हैं और एक मरीज देश से बाहर जा चुका है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, '' अब तक 48.27 फीसदी मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।'' संक्रमण की पुष्टि वाले मामलों में विदेश नागरिक भी शामिल हैं। बृहस्पतिवार सुबह से अब तक 273 लोगों की मौत हुई है जिनमें से 123 महाराष्ट्र से है।दिल्ली के 44, गुजरात के 33, उत्तर प्रदेश के 16, तमिलनाडु के 12, पश्चिम बंगाल के 10, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में छह-छह, कर्नाटक, बिहार और राजस्थान में चार-चार, आंध्र प्रदेश और केरल में तीन-तीन, उत्तराखंड में दो और



जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और झारखंड में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। देश में इस खतरनाक वायरस से 6,348 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से सबसे ज्यादा 2,710 मौत महाराष्ट्र में, गुजरात में 1,155, दिल्ली में 650, मध्य प्रदेश में 377, पश्चिम बंगाल में 355, उत्तर प्रदेश में 245, तमिलनाडु में 220, राजस्थान में 213, तेलंगाना में 105, आंध्र प्रदेश में 71 मौतें हुई हैं। जम्मू-कश्मीर में 35 लोगों की मौत हुई है जबकि बिहार में 29, हरियाणा में 24, केरल में 14, उत्तराखंड में 10, ओडिशा में सात, झारखंड में छह लोगों की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ में पांच-पांच लोगों की मौत हुई। असम में चार और छत्तीसगढ़ में दो लोगों की मौत हुई। मेघालय और लद्दाख में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार मृतकों में 70 फीसदी वैसे लोग हैं जो पहले से ही अन्य बीमारियों के पीड़ित थे।

### बीजेपी नेता नीरज जस्सल का बड़ा आरोप, कहा-विधायक बावा का 3 साल कार्यकाल पूरी तरह से फेल

**डेली संवाद, जालंधर**
कमिश्नर नगर निगम के तबादले को लेकर जिस प्रकार से जालंधर के विधायक आपस में लड़ रहे हैं। उस पर जालंधर नॉर्थ से विधायक बावा हेनरी के कार्यकाल को सबसे विफल बताते हुए युवा भाजपा नेता एवं मंडल उपाध्यक्ष नीरज जस्सल ने कहा कि जो विधायक पिछले 3 साल से अपने क्षेत्र के विकास के लिए एक भी प्रोजेक्ट पूरा नहीं करवा सका और पूर्व विधायक द्वारा शुरू करवाए गए एक भी प्रोजेक्ट को पूरा नहीं करा सका। नीरज जस्सल ने कहा कि आज वह अपनी ही सरकार द्वारा लगाए कमिश्नर के तबादले को लेकर किस हक से बोल रहा हैं। नीरज जसल ने कहा की अगर नगर निगम कमिश्नर को लेकर विधायक को शिकायत थी तो इन्होंने जालंधर शहर वासियों के इतने महीने खराब क्यों किए।

## भाजपा ने पंजाब के 17 जिलों में ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नियुक्त किए,

**डेली संवाद, चंडीगढ़**
प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा तथा संगठन महामंत्री दिनेश कुमार से विचार-विमर्श कर प्रदेश ओ.बी.सी. मोर्चा के अध्यक्ष राजिंदर बिट्टा ने भाजपा के 17 जिला ओ.बी.सी. मोर्चा अध्यक्षों के नाम घोषित किये। अमृतसर शहरी से कंवलजीत सिंह सन्नी, बरनाला से मंजीत सिंह खीपल, बटाला से सुरेश कुमार, बठिंडा देहाती से गुरप्रीत सिंह गौरा, बठिंडा शहरी से दीपक कलोई, फरीदकोट से डॉ बलविंदर सिंह, गुरदासपुर से शैंपी सोहल, जगराओ से कुनाल बब्बर (रिष्ट) , जालंधर साउथ से अनमोल सुधेरा को कमान सौंपी गई है। इसी तरह मानसा से



प्रदीप सिंह कटोदिया, मोगा से परमिंदर सिंह, मुक्तसर साहिब से स्वर्ण सिंह, मुकेरिया से जसवंत सिंह पप्पू (रिष्ट), पठानकोट से कंस राज सैनी, पटिआला से रुपिंदर सिंह, संगरूर-1 से गौरव धीमान, संगरूर-2 से मेघ राज को जिला ओ.बी.सी. मोर्चा के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

## लोकलाज के डर से पिता ने जहर खाकर की आत्महत्या

**डेली संवाद, संगरूर ।** पंजाब में संगरूर की सुंदरबस्ती के एक दलित व्यक्ति ने कल जहर खाकर आत्महत्या कर ली क्योंकि अनुसूचित जाति आयोग की सदस्या पूनम कांगडा का बेटा उसकी बेटी को भगा ले गया। पुलिस ने आज यहां बताया कि बस्ती के लोगों ने इस घटना के विरोध स्वरूप प्रदर्शन किया तथा विकास कांगडा सहित परिवार के सदस्यों को गिरफ्तार करने की मांग की । पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया कि परिवार के सदस्यों को दो दिन में काबू कर लिया जायेगा। उसके बाद लोगों ने धरना हटाया।पुलिस ने मृतक संजीव कुमार उर्फ टोनी के परिवार के बयान पर कांगडा परिवार के सदस्यों के खिलाफ आत्महत्या को उकसाने का मामला दर्ज किया है। ज्ञातव्य है कि पूनम कांगडा एससी कमीशन की सदस्या हैं तथा उनके पति दर्शन कांगडा पूर्व सांसद हैं। इनके तीन बेटे हैं नमोल ,विकास और सादक जिनमें से दो विवाहित हैं और विकास अविवाहित है।

## नादिर ने लॉकडाउन के 51 दिनों में 151 ग़ज़लें लिखकर रच दिया इतिहास

**डेली संवाद , चंडीगढ़**
प्रसिद्ध शायर अशोक नादिर हमेशा कुछ नया करने का जज़्बा रखते हैं। अब उन्होंने 51 दिनों में 151 ग़ज़लें लिखकर एक रिकॉर्ड स्तापित कर दिया है। लॉकडाउन के दौरान जब अधिकाँश लोगों ने कोरोना वायरस के आगे घुटने टेक दिए थे, तब शायर अशोक नादिर ने समय का सदुपयोग और कोरोना से बचाव करते हुए क़लम को थाम लिया । 19 मार्च को ग़ज़ल लिखने का काम शुरू किया जो 9 मई को 151 ग़ज़लें लिखकर पूरा किया । इस सफलता के लिए उन्होंने गिनीज़ बुक और लिम्का बुक ऑफ़ रिकार्ड्स के लिए भी लिख दिया है।नादिर साहब बहुविध व बहुभाषीय शायर हैं, व्यवसाय से इंजीनियर हैं, 1968 में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चण्डीगढ़ से इंजीनियरिंग की। मोहाली में इनका अपना डोर क्लोजर का उद्योग है। अब तक इनकी 17 हिन्दी,पंजाबी,उर्दू और अंग्रेजी में पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं ।

### 15 दिन में प्रवासी श्रमिकों को पहुंचाएं उनके घर -सुप्रीम कोर्ट



**डेली संवाद, नई दिल्ली**
देश की शीर्ष अदालत सुप्रीम कोर्ट ने आज केंद्र और सभी राज्यों को निर्देश देते हुए कहा कि हम सभी प्रवासियों को उनके घर सुरक्षित पहुंचाने के लिए 15 दिन का समय देंगे। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को रिकॉर्ड पर लाना है कि वे कैसे रोजगार और अन्य प्रकार की राहत प्रदान करेंगे। साथ ही प्रवासियों का पंजीकरण होना चाहिए। आज इस मामले में याचिका की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अभी तक करीब 1 करोड़ मजदूरों को घर पहुंचाया गया है।

## हाईवे पर कंटेनर और स्कॉर्पियो में भीषण टक्कर, 9 की मौत,

**डेली संवाद, प्रतापगढ़**
उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां बारिश के चलते कंटेनर ट्रक और स्कार्पियो में आमने-सामने टक्कर हो गई. दुर्घटना में 9 लोगों की मौत होने की खबर है. मरने वालों में 4 युवक, 3 महिला, 2 बच्चे शामिल हैं. हादसे में स्कॉर्पियो चालकर गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. शुरुआती में जांच में ड्राइवर को नींद आना पता चला है. सभी लोग राजस्थान से मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर बिहार के भोजपुर लौट रहे थे। वहीं घटना के बाद स्कार्पियो



काटकर सभी का शव निकाला गया है. जानकारी के अनुसार स्कार्पियो में 10 लोग सवार थे, जो राजस्थान से बिहार जा रहे थे. नबाबगंज के वाजिदपुर गांव के पास हाईवे पर भीषण बारिश के चलते कंटेनर ट्रक और स्कार्पियो कार में आमने-सामने टक्कर हो गई।

## कार पेड़ से टकराई, युवक की मौत

**डेला संवाद, बटाला**
कार का संतुलन बिगडने से हादसे दौरान एक नौजवान की मृत्यू हो गई। जानकारी अनुसार जगप्रीत सिंह (24) पुत्र स्वर्गीय कश्मीर सिंह वासी नबी नगर जो अपनी कार द्वारा बटाला से ट्रैक्टर ठीक करने के लिए ट्रैक्टर के स्पेयर पार्ट लेकर कलानौर किसी को मिलने जा रहा था कि जब डेरा बाबा नानक के नजदीक काहलों वाली मोड़ पर पहुँचा तो कार का संतुलन बिगडने से कार वृक्ष से टकरा गई और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे के साथ कार पलटी खाते हुए खेत में जा गिरी। जिस दौरान चालक नौजवान जगप्रीत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे के बाद थाना डेरा बाबा नानक पुलिस ने कार्यवाई करते हुए मृतक नौजवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए बटाला सिविल अस्पताल भेज



दिया, जहां मृतक जगप्रीत सिंह के शव का पोस्टमार्टम करके उसके पारिवारिक परिजनों को सौंप दिया गया। उल्लेखनीय है कि मृतक जगप्रीत सिंह के पिता जो कि सी.आर.पी.एफ में इंस्पैक्टर थे। उनकी तीन वर्ष मृत्यू हो चुकी है। मृतक पिता की जगह पर मृतक जगप्रीत सिंह को सी.आर.पी.एफ की नौकरी दी गई थी और मृतक जगप्रीत सिंह अगले महीने डियूटी ज्वाइंन करने वाला था। मृतक जगप्रीत सिंह का एक बड़ा भाई और एक छोटी बहन है।






## एच.आई.वी. पीड़ितों के लिए आगे आया सरबत दा भला ट्रस्ट

**डेली संवाद, अमृतसर**
मानवता के मसीहा के तौर जाने जाते दुबई के नामवर सिख कारोबारी और सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डा.एसपी सिंह ओबराय की तरफ से स्थानीय ईएमसी अस्पताल में चल रहे ट्रस्ट के डायलसिस केंद्र का विस्तार करते हुए अब एच.आई.वी.पीडित मरीज़ों की सुविधा के लिए भी एक विशेष डायलसिस यूनिट की स्थापना की है। डायलसिस यूनिट का उद्घाटन करने उपरांत जानकारी सांझी करते हुए डा.एसपी सिंह ओबराय ने बताया कि पंजाब अंदर कुछ मरीज़ ऐसे भी हैं जो गुर्दों की बीमारी के साथ-साथ एच.आई.वी. पॉजीटिव भी हैं।पहली बात तो ऐसे मरीज़ों का डायलसिस



करने को कोई अस्पताल जल्दी तैयार नहीं होता यदि कोई करता भी है तो वह मरीज़ के पास से एक डायलसिस का 8 से 10 हज़ार रुपये के करीब लेता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को देखते हुए ट्रस्ट की तरफ से पहले पी.जी.आई. चंडीगढ़ फिर पटियाला और अब अमृतसर में एच.आई.वी. पीडित मरीज़ों के लिए विशेष डायलसिस यूनिट स्थापित किए हैं। जिसके सदका अब पीडित मरीज़ केवल नाममात्र पैसे खर्च कर अपना डायलसिस करवा सकेंगे। डा. ओबराय ने यह भी बताया कि कोरोना संकट दौरान भी ट्रस्ट के अलग-अलग स्थानों पर लगे 98 डायलसिस यूनिट जहां निरंतर काम रहे हैं, वहीं श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित गुर्दों की बीमारी से पीडित मरीज़ों के लिए 1 लाख डायलाइजर किटें मुफ़्त बांटने के शुरू किए गए मिशन के अंतर्गत उनकी तरफ से अब तक 55 हज़ार के करीब किटें मुफ़्त बांटी जा चुकीं हैं।





